बिहार सरकार
बिहार उड्डयन संस्थान
सिविल विमानन विभाग,
हवाई अड्डा, पटना – 800014.

पत्रांकः–सि०वि०नि० (विविध) –32 / 2011(खण्ड–I) · 1042      पटना, दिनांक :– 31.07.2026

**वाणिज्यिक विमान चालक प्रशिक्षण कोर्स (सी०पी०एल०) में सत्र 2025–26 के लिए प्रशिक्षण शुल्क दर 5000/– रूपये प्रति घंटा की दर पर बिहार राज्य के स्थायी निवासी (महिला/पुरूष) मूल निवासी से नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रण का विज्ञापन :–**

सिविल विमानन विभाग बिहार पटना के अधीन बिहार उड्डयन संस्थान, पटना में 20 (बीस) सीटों के लिए Instrument Rating (I.R) लाईसेस सहित सी०पी०एल० प्रशिक्षण कोर्स में सत्र 2025–2026 के लिए नामांकन हेतु बिहार राज्य के स्थायी निवासी इच्छुक महिला/पुरूष अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में मात्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से दिनांक 24.08.26 तक आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। उक्त अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

3. Ab-initio to सी०पी०एल० कोर्स :– कुल 20 सीट
   (i) योग्यता एवं अर्हत्ता :– मान्यता प्राप्त बोर्ड से गणित एवं भौतिकी के साथ आई०एस०सी० /10+2 अथवा समकक्ष उत्तीर्ण।
   (ii) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 24.08.26 को न्यूनतम उम्र 18 वर्ष होना चाहिए।
   (iii) प्रशिक्षण 200 घंटे–दर 5,000/– रू० प्रति घंटा कुल 10,00,000/– रूपये मात्र चयनित प्रशिक्षु को प्रशिक्षण शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा।
   (iv) आरक्षण कोटिवार सीटों की संख्या निम्न प्रकार है :–

**Ab-Initio to CPL Course-20 सीट**

| क्रमांक | श्रेणी | खुली (open) | महिला के लिए (35 प्रतिशत) क्षैतिज आरक्षित सीट | सीटो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 2 | 1 | 03 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 0 | 0 | 00 |
| 3 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 3 | 1 | 04 |
| 4 | पिछड़ा वर्ग | 2 | 0 | 02 |
| 5 | पिछड़ा वर्ग की महिला | 0 | 1 | 01 |
| 6 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 2 | 0 | 02 |
| 7 | अनारक्षित | 5 | 3 | 08 |
| | कुल :– | 14 | 6 | 20 |

4. **उपर्युक्त उल्लेखित आरक्षित/अनारक्षित सीटों के विरूद्व केवल बिहार के स्थायी निवासियों का नामांकन होगा। इसके लिए बिहार के स्थायी निवासी होने का प्रमाण–पत्र, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए जाति प्रमाण–पत्र, पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए EWS प्रमाण उपलब्ध करना होगा। सभी प्रमाण पत्र अद्यतन एवं वैध होना आवश्यक है।**

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

5. **नामांकन की प्रक्रिया :–**

अभ्यार्थियों का चयन विभागीय स्तर पर गठित चयन समिति के द्वारा साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

6. **आवेदन प्रक्रिया :–**

(iv) आवेदन देने के लिए विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाईट **https://state.bihar.gov.in/cad** से डाउनलोड करें।

(v) विहित प्रपत्र को भरकर एवं सभी वांछित दस्तावेजों/प्रमाण–पत्रों के साथ एक Envelope में डालकर जिसके उपर "Application for CPL Course" लिखकर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से **''मुख्य उड्डयन प्रशिक्षक, बिहार उड्डयन संस्थान, सिविल विमानन विभाग, बिहार, पटना एयरपोर्ट, पटना–800014,''** के पते पर भेजा जाना चाहिए ।

(vi) आवेदन के साथ अलग से आवेदक का पता लिखा हुआ एक 9" x 3" का लिफाफा संलग्न होना चाहिए।

7. साक्षात्कार की तिथि एवं समय की सूचना विभागीय वेबसाईट के माध्यम से अलग से दी जायेगी। साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

31.07.26

मुख्य उड्डयन प्रशिक्षक

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner